MR. DEPUTY CHAIRMAN: Hon. Members, before we take up the Motion of Thanks, I would like to announce that the reply by the hon. Prime Minister to the Motion of Thanks is at 6.30 p.m. There are more than 18 Members to participate in the discussion. I request all the hon. Members to stick to the time allotted to their parties. Now, Shri Janeshwar Mishraji.

MOTION OF THANKS ON PRESIDENT'S ADDRESS

श्री जनेश्वर मिश्र (उत्तर प्रदेश): धन्यवाद महोदय, राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण पर चर्चा प्रारम्भ करूं, उसके पहले मेरे मन में कुछ दुविधाएं हैं क्योंकि प्रस्तावक महोदय, जिनकी मैं बहुत ज्यादा इज्जत करता हूं - केवल व्यक्तिगत रूप से नहीं, उनकी जानकारी और विद्वता की इज्जत भी करता हूं - उन्होंने थोड़ा सा हमें संकट में डाल दिया है। उन्होंने एक तरफ तो राष्ट्रपति महोदय को धन्यवाद दिया ही है, उसके साथ-साथ आखिर में कांग्रेस प्रेजीडेंट और प्रधान मंत्री को भी बधाई दे दी है। अब एक ही आरती से हम लोग कितने लोगों की पूजा करें, यह हम प्रस्तावक महोदय से जानना चाहेंगे? वैसे परम्परा यह रही है कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जब कभी भी चर्चा हुई है और किसी प्रस्तावक ने प्रस्ताव रखा है तो प्रधान मंत्री या उस समय की पार्टी जो सरकार में होगी, उसके प्रेजीडेंट को बधाई नहीं दी गयी। एक तरह से इसमें परम्परा टूट सी गयी है और लगता है कि इस समय जो लोग सत्ता में हैं, वे लोग अपनी तारीफ खुद कर लेना चाहते हैं। लेकिन प्रस्तावक महोदय, डा॰ कर्ण सिंह की मैं निजी तौर पर बहुत इज्जत करता हूं। मैं उनसे यह उम्मीद नहीं करता था कि कांग्रेस प्रेजीडेंट और प्रधान मंत्री को भी वे राष्ट्रपति के साथ-साथ बधाई दे डालेंगे - यह मैंने उम्मीद नहीं की थी। इस तरह की हरकतों से थोडी-बहुत* की ध्वनि निकला करती है। महोदय, संसदीय लोकतंत्र एक जिन्दा बहस की जगह है, *की जगह नहीं है। मैं राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण पर बोलता, उसके पहले मुझे प्रस्तावक महोदय के भाषण पर बोलना पड़ रहा है, यह मेरी मजबूरी है। वैसे प्रस्तावक महोदय बहुत समझदार हैं। उन्होंने सारी योजनाएं, जो राष्ट्रपति महोदय ने अपने अभिभाषण में - सरकार ने जो तय करके, तैयार करके दिया होगा - रखीं। उन सारी योजनाओं को कहते हुए एक शब्द का उन्होंने इस्तेमाल किया है - मेरा ख्याल है कि उनको याद होगा - 'If properly implemented, it can transform the life of common man'. यह एक इतनी बड़ी शर्त है कि जो कोई भी योजना आए, 'If properly implemented' कहकर जो कोई भी आदमी होगा, अपनी जिम्मेदारी से भाग सकता है, एक मिनट के अंदर भाग कर सकता है क्योंकि इम्प्लीमेंट नहीं हुआ। महोदय, इन्हीं की पार्टी के एक प्रधान मंत्री थे, जिन्होंने एक बार कहा

---

*Expunged as ordered by the Chair.

था कि जो कोई भी योजनाएं इस समय देश के लिए जा रही हैं, अगर सौ रुपए की योजना होती है, तो केवल सत्रह रुपए का काम होता है, बाकी इम्प्लीमेंट नहीं होती 'If properly implemented' तो कह कर डा॰ कर्ण सिंह ने जिस * का इज़हार किया है, उसके लिए मैं उनको बधाई जरूर देना चाहता हूं, यह बहुत अच्छा काम उन्होंने किया है।

उपसभापति महोदय, बहुत से सवाल हैं, ज्वलन्त सवाल हैं देश के, सरकार की निगाह में वे सवाल नहीं उतर सके। सदन का दिमाग इस समय हलचल में है, उन सवालों को लेकर गर्म है, हम चाहते थे कि राष्ट्रपति महोदय उन मुद्दों को उठा देते ताकि हम लोग बहस करते, लेकिन पहले जिन मुद्दों को उन्होंने उठाया है, हमारा धर्म है कि उन्हीं मुद्दों पर चर्चा करें। सबसे पहले उन्होंने उठाया है कि आर्थिक विकास के मामले में हिंदुस्तान बहुत तरक्की कर गया। पांच सैकड़ा से सात सैंकड़ा, सात सैकड़ा से आठ सैकड़ा पहुंच रहे हैं और यह हमारे लिए घमंड की बात हो सकती है, हम पढ़े-लिखे लोगों के लिए घमंड की बात हो सकती है लेकिन अर्थिक विकास की दर किसी आम जनता की बेहतरी का पैमाना नहीं हो सकती। थोड़े से प्रभु लोगों के पास पैसा चला जाए, खाते-पीते लोगों के पास पैसा चला जाए और अस्सी करोड़ लोग बेहाली में रह जाएं, तो उसको विकास दर नहीं कहते। मैं नहीं जानता कि हम लोग सत्ता और सत्ता के इर्द-गिर्द घूमते हैं, हम लोगों ने गांव को कभी ठीक से देखा है या नहीं, उसकी पगडंडी को कभी ठीक से देखा है या नहीं, उसकी धूल भरी सड़क को ठीक से देखा है या नहीं। उन सड़कों पर गरमी के दिनों में जब बच्चे दोपहर में छुट्टी के बाद चलते हैं, उनके पैर में जूता नहीं होता, तो वह जलती हुई मिट्टी, धूप में उनके पैरों को जलाती है। वे आधा पैर कभी ऊपर करते हैं, कभी नीचे रखते हैं, इस दर्द को इन लोगों ने समझा या नहीं समझा। वे कैसे चलते हैं, ऐसा लगता है कि कत्थक नाच कर रहे हैं, पैर जलने के कारण। जो गरीबी और अथाह गरीबी देश में है, उस गरीबी की चर्चा नहीं की। जो बच्चे स्कूल जाते हैं, उनकी तालीम के बारे में कई योजनाएं सुनाई गई हैं। राष्ट्रपति महोदय के मुंह से हमने सुना भी है और पढ़ा भी है, लेकिन हम जब प्राइमरी स्कूल में पढ़ते थे, तो हम लोगों के स्कूल में टाट-पट्टा नहीं होता था। हम लोग घर से बोरा लेकर जाते थे और यह बोरा हम लोगों की तकदीर के साथ चिपक जाता था। जो लड़का बोरा लेकर जाता था, अगर कोलकाता, मुम्बई, चेन्नई नौकरी करने गया, तो वहां उसको बोरा ढोने की नौकरी मिलती थी और उसी समय, उसी उम्र के बच्चे देहरादून, ऊटी के स्कूलों में पढ़ते थे, वे कुर्सी पर बैठकर पढ़ते थे, और जो बच्चा कुर्सी पर बैठकर पढ़ता था, वह दिल्ली, कोलकाता जाने के बाद कुर्सी पर बैठने का काम पाता था। यह बोरा तकदीर के साथ चिपक जाता था। अबकी बार ''मिड-डे मील'' के नाम पर इन लोगों ने तैयार कराया है कि बच्चों को खिचड़ी दी जाएगी। अब सभी बच्चे कलम, दवात, कागज़ वगैरह तो अपने घर से लेकर जाते हैं, कटोरा भी लेकर जाते हैं बोरे के साथ-साथ और यह बोरा तो फिर भी काम दिला देता है, मज़दूरी दिला देता है, लेकिन कटोरा तो केवल भीख मांगने के लिए लिया जाता है। हिंदुस्तान के सभी बच्चों

*Expunged as ordered by the Chair.

के हाथ में कटोरा थमा दिया आपने, खिचड़ी देने के नाम पर! अब मास्टर बच्चों को पढ़ाता नहीं है, केवल खिचड़ी बनवाने की सोचता रहता है। बच्चे पढ़ते नहीं, कब खिचड़ी बनेगी, यह सोचते रहते हैं। इतनी भयानक स्थिति हो गई है और कभी-कभी बच्चों के मां-बाप भी खिचड़ी बंटने के समय अपने-अपने घर से कटोरा लेकर आ जाते हैं कि कुछ बचा हो, तो हमको मिल जाए। पूरे मुल्क को कटोराछाप बनाकर, एक तरह से हम बच्चों की मार्फत, भिखमंगा बना रहे हैं। एक जमाने में हमसे बोरा ढुवा कर हिंदुस्तान के गांवों के बच्चों को मिड-डे मील के नाम पर भिखमंगा बनाया जा रहा है। कोई दूसरा इंतज़ाम नहीं हो सकता, इसके बारे में सोचना चाहिए। महोदय, सच तो यह है कि हम लोगों की उम्र जब बढ़ जाती है, तो हम अपना बचपन भूल जाते हैं। मनमोहन सिंह जी से पहले जो प्रधान मंत्री थे, एक बार उनकी फोटो मैंने देखी थी, रोज टेलीविज़न पर आती थी। दो बच्चे उनके अगल-बगल में खड़े हो जाते थे और दोनों बच्चों के साथ दस-बारह बच्चे एक साथ दौड़ते थे और कहते थे - ''चलो स्कूल चलें।'' तो एक बार डा॰ मुरली मनोहर जोशी से हमने कहा कि स्कूल जाते समय बच्चे कभी दौड़कर नहीं जाते। स्कूल से छुट्टी होती है, तब बच्चे घर आने के लिए दौड़ा करते हैं। अपनी उम्र के साथ अपना बचपन हम लोग क्यों भूल जाते हैं, यह मैं नहीं जानता। उपसभापति महोदय, हम लोगों को अपना बचपन याद रखना चाहिए, लेकिन हम लोग भूल जाते हैं। हम लोग ही उनमें संस्कार डालते हैं, वे बड़े खतरनाक बन जाते हैं। आज जिन बच्चों को खिचड़ी खाने के लिए कटोरा थमाया जा रहा है, कल के बाद जब वे कटोरा लेकर देश भर में निकल जाएंगे तो बड़ी भयानक तस्वीर बन जाएगी। क्या उनको काम नहीं दिया जा सकता? जिस स्कूल में उनको टाट-बोरी पर बैठाकर पढ़ाया जा रहा है, उस बड़े स्कूल का मुकाबला करने की ताकत, इस सरकार में या किसी अन्य सरकार में लगता है नहीं बन पा रही है, लेकिन मैं यहां पर राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण पर बहस करते हुए, मांग करूंगा कि क्या यह नहीं हो सकता है कि चौथे दर्जे, पांचवें दर्जे और सातवें दर्जे तक हिन्दुस्तान के जितने बच्चे हैं, चाहे वे बिड़ला सेठ के बच्चे हों, चाहे राष्ट्रपति के बच्चे हों, चाहे प्रधानमंत्री के बच्चे हों, चाहे M.L.A., M.P. और कलैक्टर के बच्चे हों और चाहे रिक्शा चलाने वाले के बच्चे हों। सभी बच्चों को एक जैसे स्कूल में भेजा जाए। अगर रिक्शा वाले का बच्चा या हल चलाने वाले का बच्चा कटोरा लेकर जाता है तो उस जिले के कलैक्टर का बच्चा भी कटोरा लेकर जाए, हिन्दुस्तान के प्रधानमंत्री का बच्चा भी कटोरा लेकर जाए और तब हिन्दुस्तान के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति से लेकर किसी जिले के कलैक्टर तक यह सोचने को मजबूर होंगे कि अब सभी बच्चों की तालीम ठीक करो वरना मेरा बेटा भी बिगड़ जाएगा। क्या सभी के लिए एक जैसी तालीम नहीं की जा सकती? सबके लिए अलग-अलग तालीम रखी जाएगी, प्रभु लोगों के बच्चों के लिए अलग तालीम, गरीब लोगों के बच्चों के लिए अलग तालीम तो गरीब का बच्चा कटोरा लेकर जाएगा। यह शिक्षा की बदहाली बहुत बुरी है। यह शुरूआती बदहाली है इसलिए मैं इसकी ओर इशारा कर रहा हूं। मैं B.A., M.A. की बदहाली के बारे में बात नहीं कर रहा हूं। राष्ट्रपति महोदय ने अपने अभिभाषण में योजना और कार्य योजनाओं

में बेरोजगारी की तरफ भी इशारा किया है कि जब ये बच्चे जवान होते हैं तो काम मांगने लगते हैं। सरकार ने कई योजनाएं बनाई हैं। कभी साल भर में 30 दिन का काम देकर, यह कहा जाता है कि हमने बेकारों को काम दे दिया है। कभी साल भर में 100 दिन का काम देकर कहा जाता है कि हमने बेकारों को काम दे दिया है। क्या उनको साल भर का काम नहीं दिया जा सकता है? मैं मुलायम सिंह की, उत्तर प्रदेश की सरकार की तारीफ करूंगा। हम लोग लड़कपन में नारा लगाते थे कि बेकारों को काम दो या बेकारी का भत्ता दो। उन्होंने पहली मर्तबा घोषणा की है कि अगर हम काम नहीं दे पाएंगे तो हर B.A. Pass नौजवान को 500 रुपया बेकारी भत्ता देंगे। ऐसा करके उन्होंने एक बहुत बड़ा काम किया है। हम जानते हैं कि इस काम के लिए केन्द्र सरकार धन मुहैया नहीं कराएगी। मैं चाहूंगा कि अगर राज्य सरकारें बेकारी को दूर करने के लिए कोई संकल्प लेती हैं, 500 रुपए से नौजवान की जिंदगी नहीं कटेगी, लेकिन राज्य सरकार का यह संकल्प कहलाएगा। जब कभी भी राज्य सरकारें इस तरह का संकल्प लेने लगें तो केन्द्र सरकार को मुक्त-हस्त से उनकी मदद करनी चाहिए। सर, मैं यह निवेदन करूंगा कि बेकारी का सवाल बहुत भयानक है, जिसकी कोई कल्पना नहीं की जा सकती है। हमारा बेटा जवान हो गया और अगर वह कुछ पढ़-लिख गया तो वह किसी काम का नहीं रहता है। वह M.A. की डिग्री लेकर चार दर्जे पास के नेता के पीछे-पीछे घूमता रहता है कि हमको कहीं काम दिलवा दो। उसकी हालत को देखकर रुलाई आ जाती है। मैंने मुम्बई स्टेशन पर, कानपुर स्टेशन पर और हावड़ा स्टेशन पर देखा है कि बहुत से लोग गिरोह बनाकर बच्चों को पकड़ लेते हैं और उनके हाथ-पैर काट देते हैं और आंख फोड़ देते हैं और उनको कटोरा थमाकर भीख मांगने के लिए मजबूर कर देते हैं। वह बड़ा होकर भीख मांगने लगता है। अगर हम यह कहें कि वर्तमान शिक्षा पद्धति हिन्दुस्तान के नौजवानों को पढ़ने के बाद, दूसरों के सामने हाथ पसारने के लिए मजबूर कर रही है तो मैं उन भिखमंगों के गिरोह के सरगना को याद करने लगता हूं। आखिर इतनी बुरी तस्वीर क्यों है? क्या यह नहीं हो सकता कि जो कोई भी 18 साल, 20 की उम्र पार कर ले तो सरकार उसकी जिम्मेवारी ले और मूल अधिकारों में परिवर्तन करके यह जिम्मेवारी ले। जैसे मंदिर में जाने पर हमको कोई नहीं रोक सकता, मस्जिद में अजान पड़ने पर हमको कोई नहीं रोक सकता, अगर हम 18 साल की उम्र पार करने बाद काम करना चाहें तो हमको कोई रोक नहीं सकता, यह हमारा मूल अधिकार बन जाए। क्यों छोटी-छोटी योजनाओं में माथा-पच्ची की जा रही है। उस माथा-पच्ची पर प्रस्तावक महोदय कह देंगे, if implemented properly और हमारे जैसा आदमी संकट में पड़ जाएगा कि यह properly implement होगा या नहीं होगा? उपसभापति जी, ये तस्वीरें हैं, जिसका जिक्र मुझे करना था। राष्ट्रपति महोदय ने अपने अभिभाषण में बहुत सी तस्वीरें रखी हैं। लगता है कि वे सब्ज़बाग दिखाना चाहते हैं, लेकिन सच यह है कि उस सब्ज़बाग में गरीब को कुछ नहीं मिल रहा है और यह संसद गरीबों की चुनी हुई संस्था है, यह अमीरों की जमात नहीं है, महाप्रभु लोगों का घर नहीं है। प्रस्तावक महोदय ने वैसे भाषण तो अंग्रेजी में दिया, लेकिन हिन्दी के एक शब्द "आम आदमी" का इस्तेमाल किया था। सवाल यह नहीं है कि दिल्ली से जो

खजाना बंटता है, वह आम आदमी को मिलता है, सवाल यह है कि समाज के अंतिम आदमी को वह खजाना कितना मिलता है और सच यह है कि अभी जब चिदम्बरम साहब का बजट बनेगा, तो समाज का अंतिम आदमी और आम आदमी, जिनकी तादाद 80 करोड़ है, उनको कुछ नहीं मिलेगा, थोड़े से महाप्रभु लोगों के बीच — जो सेठ साहूकार होंगे, अफसर होंगे, कर्मचारी और अधिकारी होंगे–यह बजट बटकर रह जाएगा। यह बजट का रूप होता है।

जब उन्होंने "आम आदमी" शब्द का इस्तेमाल किया था, तो मैं सोचने लगा कि "आम आदमी" को देखकर कभी पैमाना तय नहीं करना चाहिए, अंतिम आदमी को देखकर पैमाना तय करना चाहिए, लेकिन मुझे दुःख के साथ कहना पड़ता है कि राष्ट्रपति महोदय ने देश के विकास के लिए जिन योजनाओं का जिक्र किया है, वे योजनाएं थोड़े से बड़े लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाती हैं, आम आदमी की तरफ वे योजनाएं झांकती भी नहीं हैं, उनकी जिंदगी को वे पहचानती भी नहीं हैं। यह तो मैं अपना दर्द कहूंगा, लेकिन बहुत से अनकहे दर्द भी हैं, जिनके बारे में राष्ट्रपति महोदय ने चर्चा तक नहीं की है, ऐसे बहुत से अनकहे दर्द हैं।

वैसे उन्होंने पानी के सवाल पर चर्चा की है और उन्होंने कहा है कि पानी एक समस्या है और पानी से ज्यादा इस देश के सामने कोई समस्या नहीं है। जमीन के नीचे के पानी का दोहन बहुत जोर से हो रहा है। रघुवंश जी चले गए हैं, मैं कहना चाहता हूं कि पानी पीने के काम भी आता है और पानी खेतों को सींचने के काम भी आता है। खेतों को सींचने के काम आने वाला पानी पिया नहीं जाता है, लेकिन आज हिंदुस्तान में पीने लायक पानी बहुत कम रह गया है। गंगा नदी जिसको हम बहुत पवित्र कहते हैं, अभी माघ मेला वहां लगा था, 15 दिनों तक गंगा नदी का पानी लाल-लाल बह रहा था, लाल रंग का पानी बह रहा था और साधू हड़ताल कर रहे थे, वे कहते थे कि इसमें हम डुबकी नहीं लगाएंगे। माननीय राष्ट्रपति जी पेयजल की बात करते हैं, यहां तो गंगा ही लाल हो गई थी और जब गंगा मैली हो जाए, तो उस समय क्या हुआ करता है? गंगा में बहुत से गुण हैं, लेकिन वह मैली कभी नहीं होती थी, इस बार लाल रंग का पानी दिखाई दिया।

उपसभापति जी, क्या सरकार कभी यह आंकड़ा जुटाने की कोशिश करेगी कि देश की आबादी का कितना हिस्सा शुद्ध पानी पीता है और कितना हिस्सा गंदा पानी पीता है? शुद्ध पानी और गंदे पानी को नापने के लिए मशीनें बन गई हैं, यह नापने का काम बहुत आसान है, लेकिन नापा नहीं जा रहा है, कहीं भी नहीं नाप पा रहे हैं। यह सच है कि बातों को बिगाड़ने की कोशिश हो रही है। आज किसान त्राहि-त्राहि कर रहा है। उसकी हालत कभी भी ठीक नहीं होती है। कितनी भी योजनाएं बनें, वह बदहाली की हालत में ही रहता है क्योंकि उसकी जो पैदावार होती है, वह बड़ी कच्ची होती है। वह सवेरे के समय बाजार में टमाटर बेचने के लिए आता है, तो 10 रुपए किलो बेचता है, लेकिन जैसे ही शाम होने लगती है, वह उसी टमाटर को एक रुपया किलो में देने को तैयार हो जाता है, क्योंकि दूसरे दिन टमाटर सड़ जाएगा।

राष्ट्रपमि महोदय और वर्तमान सरकार ने किसान की पैदावार के कच्चे उत्पाद के बारे में कभी गौर ही नहीं किया है कि वह कितनी दुर्दशा की हालत में सब्जी लेकर आता है, कच्चा माल लेकर आता है। गेहूं को तो फिर भी वह छह महीने, साल भर तक थात लेता है, लेकिन कपड़े और लोहे के मुकाबले वह इसे नहीं थात सकता। कारखाने से जो चीज पैदा होती है, वह ज्यादा से ज्यादा एक साल तक चल सकती है, उसके बाद उसमें घुन पड़ेगा, कीड़े पड़ेंगे। तो किसान मजबूर है। जो भाव आप तय कर दीजिए, वह उस पर अपना सामान बेचेगा। वह दस रुपए किलो का टमाटर, एक रुपया किलो में बेच देगा, वह गेहूं सस्ता बेच देगा। आपको उसे भरपेट खुराक के लिए गारंटी देनी पड़ेगी।

हम चाहते हैं कि सरकार सामान सस्ता बिकवाए, लेकिन इस समय जो बाजार भाव चढ़ा है, जिस तरह से महंगाई चढ़ी है, आम आदमी का जीना मुश्किल हो रहा है। खाने-पीने की चीज़ों से लेकर सारी चीजें एक बारगी महंगी हो गई हैं।

स्वास्थ्य के बारे में राष्ट्रपति महोदय ने कहा है, लेकिन सरकारी अस्पतालों, यहां तक कि एम्स ने जिस तरह से अपना रेट बढ़ाया है, गरीब आदमी अब अपना इलाज नहीं करा सकता है। वह बिना दवा के मर जाएगा। जब कभी भी हम स्वस्थ रहने की बात करते हैं, तो स्वस्थ भोजन के साथ-साथ हमारे पास सस्ती दवा भी होनी चाहिए। यह सच है कि राज्य सरकारें भी कभी-कभी दवा महंगी करती हैं, अस्पतालों में भर्ती होने की जो पर्ची होती है, उसका दाम बढ़ा देती हैं, चारपाई का दाम बढ़ा देती हैं, डाक्टर के विजिट का दाम बढ़ा देती हैं, जो दवा देती हैं, उसका भी पैसा लेने लगती हैं, राज्य सरकारें अपने सरकारी अस्पतालों में कभी-कभी ऐसा कर देती हैं। लेकिन उत्तर प्रदेश में एक ऐसी सरकार आई, जिसने पहले वाली सरकार ने जो पर्ची का दाम 8-10 रुपया बढ़ाया था, उसको खत्म किया। उसने दवाई का दाम खत्म कर दिया, डाक्टर की विजिट और चारपाई का दाम खत्म कर दिया। हमने लड़कपन में नारा लगाया था, जब हम सोशलिस्ट पार्टी में थे - ''कपड़ा-रोटी सस्ती होगी, दवा-पढ़ाई मुफ्ती होगी''। यह नारा हमने लड़कपन में लगाया था। हमने नारा लगाया था कि बेकारों को काम दो या बेकारी का भत्ता दो। हम जानते हैं कि यह सरकार भी समाजवाद की बात करती है और जब यह सरकार समाजवाद की बात करती है, तो मैं चाहूंगा कि दवा-पढ़ाई मुफ्ती हो, मैं चाहूंगा कि कपड़ा-रोटी सस्ती हो। कुदरत कभी भी हम लोगों को दो आंख से नहीं देखा करती है। सर, हम गंगा नदी में नहाने जाते हैं, तो गंगा नदी बहती रहती है, हमारी तरफ देखती भी नहीं। हम तो छोटे आदमी हैं, अगर जगद्गुरू शंकराचार्य या बिड़ला सेठ भी नहाने चले जाएं, तो गंगा यह नहीं कहेगी कि मैं अपना बहाव रोक रही हूं, महाराज डुबकी लगा लो। उपसभापति महोदय, वहां आज कोई दलित चला जाए या वहां कोई भिखमंगा चला जाए, तो गंगा यह नहीं कहेगी कि तुम हममें डुबकी नहीं लगा सकते। हम समझते हैं कि कुदरत ने हमको बराबरी सिखाया है, हमको समाजवाद सिखाया है। मैं राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण में यह ढूंढ रहा था कि कहीं बराबरी आएगी कि नहीं समाज में। समाज का अन्तिम आदमी और सबसे बड़ा आदमी किसी घाट पर एक

जगह खड़ा होकर बराबरी का पानी पीएगा कि नहीं, लेकिन हमको एक लाइन भी देखने को नहीं मिली।

बीच में, जिनका जिक्र नहीं किया गया, पीछे हमारे अमर सिंह जी शायद बैठे हैं या चले गए, ये हमारे सदस्य हैं। ये हमारे माननीय सदस्य हैं। ये कहने लगते हैं कि हमारा टेलीफोन टेप हो रहा है, हमको जान से मारने की धमकी दी जा रही है। माननीय गृह मंत्री जी यहां बैठे हैं, यह उनकी जिम्मेदारी है हम इस सदन के मैम्बर हैं, हमको यह खतरा हो जाए कि हमको कोई जान से मार डालेगा, तो हम गंगा के बारे में, हम कुदरत के बारे में, बराबरी के बारे में, अन्तिम आदमी के बारे में खुल कर बहस नहीं कर सकते। प्रभु वर्ग के लोग हमको पिटवा देंगे। आपकी तरफ से यह कहा जा सकता है कि यह मामला अदालत के विचाराधीन है। सेक्रेटरी-जनरल साहब शायद यही कहने गए हैं, लेकिन मैं अमर सिंह का मामला न उठाऊं, तो सर, मैं यह तो कह ही सकता हूं कि ये कह रहे हैं कि मुझे जान से मारने की धमकी है। सत्तारूढ़ दल समझता होगा कि ये ऐसे ही बोल रहे हैं, लेकिन जिस दिन मार दिए जाएंगे, क्या उस दिन आप विश्वास करेंगे कि ये मार दिए गए और ये सच बोल रहे थे। यह कह सकते हैं कि कोई भी बदमाश आकर मार सकता है, यह कह सकते हैं कि कोई भी टेप करने वाली कम्पनी टेप कर सकती है, लेकिन यह जिम्मेदारी सरकार की होगी। हम पार्लियामेंट की मैम्बर्स दोनों सदन मिला कर मुश्किल से हजार होंगे, अगर हमारी जिन्दगी की हिफाजत भी आप नहीं कर सकते, तो 100 करोड़ लोगों की जिन्दगी की हिफाजत आप कैसे कर सकते हैं। असम्भव हो जाएगा। हम डर कर कोई बात नहीं बोलें कि कल को बोलेंगे, तो परसों कोई मार देगा, तो हमारी आवाज़ आज़ादी से नहीं निकल सकती। हम डर कर कोई बात नहीं बोलें कि हम जो कुछ भी बहस कर रहे हैं, कोई जानकारी ले रहे हैं, हमारे सर पर कोई टेप की तलवार लटक रही है। हम खुल कर जानकारी नहीं ले सकते हैं। ये अमर सिंह तो अमर सिंह, एक जज साहब ने रिटायरमैंट के बाद कहा, बेहतर होता कि लालू जी यहां होते, कि वे चारा घोटाले की जांच कर रहे थे, तो उनका भी टेलीफोन टेप हो रहा था।''एक गजब किस्म का माहौल बना है, जैसे हमारे पास प्राइवेसी नाम की कोई चीज़ ही नहीं है, हम अपनी जिन्दगी आज़ादी से जी नहीं सकते। जो लोग सत्ता में हैं और सत्ता के इर्द-गिर्द हैं, वे हम से इतना खौफ़ क्यों खाते हैं? हम हथियार उठाने वाले लोग नहीं हैं। वे जानते हैं कि बहुत बोलेंगे तो बात बोलेंगे, कड़ी बात बोलेंगे, आपके खिलाफ बोलेंगे। यह लोकतंत्र का लक्षण है। लोकतंत्र में जो विपक्ष में होता है, उसके तीन ही काम होते हैं— जो सरकार में होता है, उसको अपोज़ करें, जो सरकार में होता है, उसको एक्सपोज करें और अगर ताकत बन जाए, तो डिपोज़ करें। अगर हम विपक्ष में बैठ कर ये तीनों काम करने लायक नहीं रहेंगे और लगातार डरते रहेंगे, तब तो बड़ी मुश्किल हो जाएगी। इसलिए उपसभापति महोदय, मैं चाहूंगा कि हम सदस्यों को सदन में आज़ादी से बोलने दें और अपनी बात रखने दें। यह पंचायत है, यह कोई हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट की अदालत नहीं है कि हम अपने-अपने पक्ष की बहस करेंगे।

एक दिन राजनाथ सिंह जी से हमने कहा था कि तुम दिमागी तौर पर हमारे विरोधी हो, लेकिन हम तुमसे बात करेंगे। तुम थोड़ा अपने आपको सुधारो और हममें कोई गलती हो तो बताओ, हम भी सुधारेंगे। हम एक-दूसरे को सुधारने और सुधरने के लिए बैठे हैं। हम अपनी ताकत-भर बहस करेंगे, जो समझते हैं। हम चाहेंगे कि शिवराज पाटिल साहब भी अपनी ताकत-भर बहस करें, जो जानते हैं। लेकिन अगर पंचायत में बैठने के बाद हमारी बात उनको अच्छी लग जाए, तो उन्हें मान लेनी चाहिए और उनकी बात अगर पंचायत में बैठने के बाद हमको अच्छी लग जाए, तो हमको भी मान लेनी चाहिए। यह अदालत नहीं है कि एक-एक पक्ष से हम खड़े होंगे। यह पंचायत कहलाती है। पंचायत का यह चरित्र, एक-दूसरे को समझाने और आदमी में एक दूसरे को समझने की जो क्षमता और धीरज होना चाहिए, वह स्वरूप खत्म हो गया है। मुझे इस बात का अफसोस है। वह स्वरूप खत्म होने पर किसी मैम्बर का फोन टेप होगा, किसी मैम्बर को जान से मरवाने की धमकी दी जाएगी। यह पंचायत ही नहीं जज ही तक चली जाएगी। तब इस समाज में जीना और इस पंचायती राज को चलाना बहुत मुश्किल हो जाएगा।

यह सच है कि पंचायती राज थोड़ा स्खलित हुआ है। इसे हम लोगों ने स्खलित किय है। हम लोग जिस तरह का राज्यपाल केन्द्र से भेजते हैं, राष्ट्रपति महोदय भेजते हैं, वे राज्यपाल केन्द्र के मामले में दखल देते हैं। बिहार में जो कुछ भी हुआ, सुप्रीम कोर्ट के ऑर्डर के बाद उस राज्यपाल को नहीं, बल्कि केन्द्र सरकार को जिम्मेवारी लेनी चाहिए थी और उसको त्यागपत्र देना चाहिए था। जब आप अपने राज्यपाल के मार्फत किसी सूबे के लोकतंत्र को नचाना, इधर से उधर करना शुरू करेंगे, तो दुनिया का जो महाप्रभु है, वह अपने राजदूत के मार्फत आपको धमकाना शुरू करेगा।

इधर हम लोगों ने ईरान के मुद्दे पर बहस की है। सर, इस समय लोकतंत्र नौकर-चाकर के मार्फत चल रहा है। यह जनता की इच्छा के मुताबिक नहीं चल रहा है। अमेरिका का मालिक अपने राजदूत से धमकी दिलवाता है कि यह काम करो वरना ठीक कर दिए जाओगे। हमारे यहां भी एतराज होता है कि तुम कौन कहने वाले होते हो? मोहल्ले वाले भी कह देते हैं- अरे, बच्चा है, कह दिया। छोड़ो, उसको डांटेंगे। यह भाषा चला करती है। जमींदार साहब अपनी किसी प्रजा को गाली दे आते हैं। वह आकर एतराज करता है तो जमींदार साहब कहते हैं-बच्चा है, डांटेंगे, ऐसा नहीं बोलना चाहिए। तो ऐसे ही डांट दिया गया। भारत एक लोकतंत्र है और मजबूत लोकतंत्र है। आज पूरा-का-पूरा एशिया खतरे में पड़ा है। दो देश बरबाद हो चुके हैं, अब तीसरे का नम्बर है। हो सकता है कि चौथा हमारा नम्बर आ जाये या पाकिस्तान का नम्बर आये। उसके बाद चीन का नम्बर भी आ सकता है। एक महाप्रभु अपनी ताकत का इस्तेमाल करके सब को किसी-न-किसी बहाने नचाना चाहता है। उस समय हम दब जाएं और दब जाएं उसके एक कर्मचारी की धमकी से, तो हमारी तौहीनी की इससे भी बड़ी कोई बात हो सकती है। इस प्रकार लोकतंत्र तो आज खतरे में पड़ा है।

माननीय सदस्य डा॰ कर्ण सिंह जी ने ठीक ही किया है कि सोनिया गांधी जी को भी बधाई दे दिया। मुझे अच्छा लगा क्योंकि असली सत्ता तो उन्हीं के हाथ में है। '...(व्यवधान)...

SHRI JANARDHANA POOJARY (Karnataka): Sir, I have got an objection to it. Shrimati Sonia Gandhi is not a Member of this House. (*Interruptions*)... He is the senior-most Member of the House and former Minister also. (*Interruptions*)... He should know these facts. (*Interruptions*)...

श्री जनेश्वर मिश्र: हमने नाम नहीं लिया है। ...(व्यवधान)...

SHRI JANARDHANA POOJARY: How is he making an allegation against her? (*Interruptions*)...

श्री जनेश्वर मिश्र: हमने नाम नहीं लिया है। ...(व्यवधान)... प्रस्तावक महोदय ने नाम लिया है। ...(व्यवधान)... यह रिकॉर्ड पर आ चुका है। ...(व्यवधान)... मैं पढ़ चुका हूं। ...(व्यवधान)... इसे आप पढ़ लीजिए। ...(व्यवधान)...

SHRI JANARDHANA POOJARY: He gives a lecture on democracy and he is talking like this. (*Interruptions*)... It is the view of Dr. Karan Singh. (*Interruptions*)... He has taken the name of Shrimati Sonia Gandhi. (*Interruptions*). He has taken her name. Shrimati Sonia gandhi is not a Member of this House.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: If it is derogatory, I will look into it.

SHRI JANARDHANA POOJARY: Sir, it is derogatory.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I will examine it. If it is derogatory, I will look into it.

श्री अमर सिंह (उत्तर प्रदेश): नाम डा॰ कर्ण सिंह जी ने लिया है। ...(व्यवधान)... उनको धन्यवाद दे रहे हैं, कोई अपमान नहीं कर रहे हैं। ...(व्यवधान)...

डा॰ अलादी पी॰ राजकुमार (आन्ध्र प्रदेश): रेफरेन्स करने में क्या गुनाह है? ...(व्यवधान)...

SHRI JANARDHANA POOJARY: He has made a sarcastic remark. (*Interruptions*).

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I will look into it. (*Interruptions*).

SHRI JANARDHANA POOJARY: He has made a sarcastic remark.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Poojary, I will look into it.

SHRI JANARDHANA POOJARY: It has to be decided.

श्री जनेश्वर मिश्र: सर, यह डा॰ कर्ण सिंह जी ने नाम लिया है। ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: प्लीज, अमर सिंह जी, आप बैठिए। ...(व्यवधान)... मिश्र जी, आप बोलिए।

श्री जनेश्वर मिश्र: सर, हमने किसी बुरी नीयत से कांग्रेस प्रेसीडेंट का नाम नहीं लिया है। चूंकि यह तो डा॰ कर्ण सिंह जी, जिन्होंने प्रस्ताव रखा, उन्होंने नाम लिया। ...(व्यवधान)

श्री उपसभापति: नहीं, नहीं, आप बैठिए, प्लीज। मिश्र जी को बोलने दीजिए।

श्री जनेश्वर मिश्र: उन्होंने चूंकि यह नाम रखा है, तो यह बहस का विषय हो गया। प्रस्तावक महोदय अगर यह नाम नहीं लेते, तो यह इस सदन की प्रोपर्टी नहीं बनता। माननीय सदस्यों के लिए मैं यह बता दूं, लेकिन अगर उन्होंने नाम ले लिया, तो यह सदन का विषय बन गया। ...(व्यवधान)...

SHRI JANARDHANA POOJARY: Sir, he is charging her. He has made an allegation. (*Interruptions*).

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Poojary, I have said that I will look into it.

श्री जनेश्वर मिश्र: No charge. मैंने चार्ज नहीं लगाया। ...(व्यवधान)...

SHRI JANARDHANA POOJARY: He has made a sarcastic remark against her. She is not a Member of this House. (*Interruptions*).

श्री उपसभापति: पुजारी जी, आप बैठिए। ...(व्यवधान)... आप बैठिए प्लीज। ...(व्यवधान)...

श्री जनेश्वर मिश्र: सर, मैंने कोई आरोप नहीं लगाया है।

श्री उपसभापति: हम उसको एग्जामिन करेंगे, देखेंगे।

श्री जनेश्वर मिश्र: जी, आप उस रिकॉर्ड को देख लीजिए। प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी प्रधानमंत्री इसलिए बने थे कि सोनिया जी ने इनका नाम प्रपोज किया था, पहले वही प्रधानमंत्री बन रही थीं। हमारे जैसे आदमी को अच्छा लगता, क्योंकि उनके नाम पर वोट मिला था, वह बनतीं, हम लोग उनसे डायरेक्ट बहस करते तो ये लोग भी एतराज नहीं करते। उन्होंने एक दूसरे आदमी को

प्रधानमंत्रीजी बना दिया, जिसके नाम पर इनको वोट नहीं मिला था। अब हम इस पर बहस करें, तो किससे करें? और, अगर माननीय कर्ण सिंह जी ने उनका नाम नहीं लिया होता, तो इतनी मैं डिग्निटी जानता हूं, मैं उनका नाम नहीं लेता, कभी उनका नाम नहीं लेता, मैं उनका सम्मान करता हूं। मेरी उनकी मुलाकात भी नहीं है और मैं मानकर चलता हूं कि एक बाहर की महिला हमारे देश की बहू बन गई, तो उसका सम्मान होना चाहिए, बहुत सम्मान होना चाहिए, लेकिन प्रधानमंत्री अगर उनकी मर्जी से बनता है तो हमारा लोकतंत्र तो कमजोर हो जाएगा। किसी एक व्यक्ति की मर्जी से, गांधी जी की मर्जी से तो नेहरू जी नहीं बने थे या जय प्रकाश जी की मर्जी से मोरार जी देसाई तो नहीं बने थे। जिन दिनों बड़े-बड़े आंदोलन हुए थे और बहुत भारी भारी नेता थे। ... (व्यवधान)

डा॰ प्रभा ठाकुर (राजस्थान): उसमें सभी सांसदों की स्वीकृति थी। ...(व्यवधान)...

SHRI JANARDHANA POOJARY: Sir, is it not a charge against her? He is making an allegation. (*Interruptions*).

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Poojary, when your turn comes, you can reply to it. (*Interruptions*). I cannot direct...(*Interruptions*). I cannot direct a Member when he is speaking. If it is derogatory or unparliamentary, it is difficult for the Chair to decide. It is left to each Member to follow rules and give respect to each other. Beyond that, if you ask the Chair to give a ruling on this, what ruling can the Chair give? Please tell me. (*Interruptions*). Please listen to me. Mr. Poojary, please listen to me. I have assured that I will look into it if there is anything derogatory. (*Interruptions*). I will look into it. I have told you that I will look into it. Beyond that, what is it that you want? (*Interruptions*)

SHRI RAJEEV SHUKLA (Uttar Pradesh): Can the Prime Minister be nominated by anybody? It is a misleading remark...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Shuklaji, please...(*Interruptions*) Mr. Poojary, please sit down...(*Interruptions*) I am telling you, please sit down. If any Member is using any language or expressing any opinion, you have every right to refute it. From your side also, there are speakers. You take that opportunity and refute whatever allegations have been made against any leader. With the same vehemence, you have every right to place your viewpoint. I am not denying that opportunity to anybody. But the Chair has a mandate and there are certain rules, and I have to act on this basis. Definitely the chair will not allow any derogatory remark about

any leader. It is not right for any Member to make derogatory remarks; everybody has to respect the leaders. But, if there is anything objectionable, I said, "I will look into the record." You have raised your exception and I will look into the record...(*Interruptions)*

SHRI C. RAMACHANDRAIAH (Andhra Pradesh): It is a *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No; * is not allowed. That is an unparliamentary word. I am removing it form the record...(*Interruptions)* Mr. Ramachandraiah, please...(*Interruptions)* Nothing will go on record...(*Interruptions)* Please sit down. Mr. Poojaryji, please...(*Interruptions)* Let the debate go on. I have expunged that word. That is the end of it.

श्री जनेश्वर मिश्र: उपसभापति महोदय, हमें दुख है कि हमारे कांग्रेस के मित्रों को हमारी कुछ बातें नागवार लग गई हैं। उन लोगों को मालूम है कि अभी तक भी हम उनके समर्थक हैं और मैं उनसे इतना ही कहना चाहूंगा कि समर्थक अगर बॅगल में खड़ा होकर कुहनी भी मार दे तो उसे बर्दाश्त करना चाहिए ...(**व्यवधान**)। अभी तक हम उनके समर्थक हैं। आपस में जरा सी कुहनी तो चलती ही है और हम तो आप लोगों को केवल कुहनी ही मार रहे हैं, वामपंथी लोग तो कभी-कभी धक्का मारने लगते हैं और आप उसे बर्दाश्त भी कर लेते हैं ...(**व्यवधान**)। हम तो धीरे से केवल कुहनी मार देते हैं और आप नाराज हो जाते हैं ...(**व्यवधान**) ऐसा नहीं होना चाहिए। उपसभापति महोदय, अगर उन लोगों को तकलीफ हुई है ...(**व्यवधान**)

श्री उपसभापति: Hon. Members, I cannot stop the interruptions. But I just want to remind the hon. Members. क्योंकि आपकी पार्टी को 35 मिनट मिले हैं और अब तक 34 मिनट हो चुके हैं।

श्रीमती जया बच्चन (उत्तर प्रदेश): सर, बीस मिनट तो यूं ही शोर में चले गए हैं।

श्री उपसभापति: ठीक है, ठीक है, I just wanted to remind the House; I said this earlier also. क्योंकि इस डिबेट पर there are 18 Members more to speak. I request all the Members to confine themselves to their time. Time is the constraint for us. Everyone wants to speak. But we have to speak within the time given. I am just reminding you, 34 मिनट हो गए हैं और अब पांच-दस मिनट में ही आप अपनी बात को समाप्त कीजिए ...(**व्यवधान**) मैं तो आपको सिर्फ रिमांइड करवा रहा हूं, क्योंकि समय के लिए जब तक आपको रिमाइंड नहीं करवाएंगे तब तक बोलने वालों को यह मालूम नहीं चलेगा कि उन्होंने कितना समय ले लिया है। सर, अगर हमारे उन मित्रों को बुरा

*Expunged as ordered by the Chair.

लगा हो तो मैं कुछ भी नहीं कहना चाहता। लेकिन इतना तो कहने का अधिकार दीजिए कि अगर एक ही आदमी के हाथ में आप अधिकार दे देंगे तो उसके बाद लोकतंत्र की क्या दुर्दशा होगी, लोकतंत्र में अंतिम आदमी भी वोट देने का अधिकारी है और मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि आप खुद ही अपना अधिकार खो रहे हैं। यह बहुत गलत हो रहा है।

(उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र) पीठासीन हुए)

इसलिए लोकतंत्र जब एक जगह से खिसकता है उपसभाध्यक्ष महोदय, तो वह कई जगह से खिसकता है। मैंने इसीलिए इशारा किया था कि अगर केन्द्र अपने गवर्नर का इस्तेमाल करेगा और कई जगह कर रहा है, मैं यह तो नहीं कहता कि आज ही सरकारिया कमीशन लागू कर दिया जाए। लेकिन इतना जरूर कहूंगा कि जिस राज्य में जो सरकार हो उसके मुख्य मंत्री से मशविरा करके तक गवर्नर रखना चाहिए। वह सूट करे न करे, क्या करें और यह नंगी तस्वीर हम लोग देख चुके हैं। गुस्सा करने की जरूरत नहीं है हमारे कांग्रेस के मित्रों को, यह सच है कि हमारा समर्थन आप नहीं चाहते होंगे, क्योंकि जिस दिन समर्थन वाली मीटिंग थी, अमर सिंह जी के साथ में जो दुर्व्यवहार हुआ था, वह हम लोगों को याद है, लेकिन अपमानित होकर के भी हम आपका समर्थन इसलिए करते हैं कि साम्प्रदायिक शक्तियां फिर से न उभर जाएं। यह हमारी दृष्टि है, क्योंकि उत्तर प्रदेश में इन शक्तियों से जो मार हम लोगों को पड़ती है जो हम सबसे पहले झेलते हैं, तो हम चाहते हैं कि आप ही लोग बने रहें, आपको बर्दाश्त कर लिया जाए। लेकिन नीतियां गलत हो रही हैं और नीतियां न केवल आपकी, जिस तरह का देश बना है, सब जगह आपके समर्थक यह हमारे वामपंथी मित्र, एक दिन हमने अखबार में पढ़ा हैं, उपसभाध्यक्ष महोदय, एक अध्यापक 32 साल से केवल दो हजार पर नौकरी कर रहा है। यह कहीं एक जगह है, यह बड़ी-बड़ी हैडिंग में छपा था। हम जानते हैं कि केन्द्र सरकार बोल देगी कि यह राज्य सरकार का विषय है, लेकिन हम यह भी जानते हैं कि यह राज्य सरकार का विषय नहीं हो सकता, यह सारे देश में चल रहा है कि जहां प्राइवेट संस्थाएं चलती हैं डेढ़ हजार, दो हजार, ढाई हजार तक में मास्टर रखे जाते हैं और वे लोग स्कूल चला रहे हैं। इससे अध्यापक का पेट नहीं भरता। एक अजीब किस्म के अध्यापक की जिंदगी दुरूह होती जा रही है, वह गांव के बच्चों को पढ़ाने के लिए रखा गया है। मैं नहीं जानता कि हमारे राष्ट्रपति महोदय को भारत सरकार ने यह पॉइंट कभी दिया या नहीं कि स्कूल के अध्यापकों की हालत कैसे सुधारी जाएगी। यह भी नहीं दिया है कि जो गांव के किसान आत्म हत्या कर लिया करते हैं, उनकी हालत कैसे बेहतर की जाएगी, जिससे वे आत्म हत्या न कर सकें। उसकी गारंटी भी नहीं दी गई। हमने एक दिन शरद पवार जी से एक सवाल पूछा था कि किसान तो पुराने दिमाग का होता है, दिमागी तौर पर ऑर्थोडॉक्स होता है, अगर समय से पानी नहीं बरसा तो उसकी कपास सूख गई, उसका तम्बाकू सूख गया और यह किसी कारखाने का कच्चा माल होता है कपड़े के कारखाने का, सिगरेट के कारखाने का, उसको पैसा नहीं मिला और सूख गया और इस कारण लोगों ने अपनी बीवी का जेवर

गिरवीं रख दिया फिर बाद में देखा कि वह इस जेवर को छुड़ा नहीं पाएगा तो वह आत्म हत्या कर लेता है। लेकिन उसी किसान का बेटा दिमाग का ऑर्थेडॉक्स नहीं है, तो वह हथियार उठा लेता है और हथियार उठाने के बाद वह जब निकलता है तो कभी-कभी मुख्य मंत्री जैसे लोगों को निशाना बना देता है, सड़क पर बारूद बिछा देता है और तब हम लोग चिंता करने लगते हैं कि अपराध बढ़ रहा है, आतंकवाद बढ़ रहा है। क्या यह सच नहीं है, उत्तर प्रदेश को छोड़कर के आजादी मिलते ही भूमि संशोधन के बारे में किसी भी राज्य में उतना इफेक्टिव कानून नहीं बना है। यह सच नहीं है, बिहार में नहीं बना, श्री बाबू मुख्य मंत्री थे, विधान चन्द्र मुख्य मंत्री आए थे, बंगाल में नहीं बना। अगर इन इलाकों में आतंकवाद बढ़ गया जमीन के सवाल पर और जमीन के साथ-साथ जाति जुड़ गई, सर, वे लोग जिनके पास जमीन नहीं थी समाज में उनकी जाति छोटी मानी जाती थी। जाति और जमीन दोनों का ह्रास और क्षय एक साथ बिहार में हो गया। नक्सलपंथ पहले बंगाल से चला था, जमीन के संशोधन के कानून आंध्र में नहीं बन सके, तो आज वहां भी आतंकवाद है। यह उड़ीसा में नहीं है, उड़ीसा में कालाहांडी के इलाके में आदमी भूख से मर जाता है, लेकिन वह हथियार नहीं उठाता है। वह दिमागी तौर पर कंजरवेटिव है, अगर यह सरकार चाहती है कि हिन्दुस्तान का आदमी कंजरवेटिव रहे और भूख से मरता रहे और हल्ला न मचाये, तो मैं इस सरकार की तारीफ करूंगा, लेकिन आदमी रोटी के लिए हल्ला मचाता है, हथियार उठाता है तब तो आपको निदान सोचना ही पड़ेगा, आदमी नहीं, तो आदमी का बच्चा उठा लेगा और जिस तरह से यह हालत बिगड़ी है, उपसभाध्यक्ष महोदय, उसकी कल्पना नहीं की जा सकती है। उनकी बेटियां, उड़ीसा के किसानों की बेटियां, केरल के किसानों की बेटियां विदेश नौकरी करने के लिए चली जाती हैं। उनके साथ क्या व्यवहार होता है, यह हम लोग जानते हैं। वे वहां मजदूर हैं, यहां श्रम विभाग होगा, लेकिन श्रम विभाग उनकी तरफ कभी भी नोटिस नहीं लिया करता है कि उनकी हालत कैसे सुधारी जा सकती है, वे भारत की बेटी हैं। वह भारत जहां कभी सीता थी, वह भारत जहां कभी द्रोपदी थी, जिनके नाम पर रामायण, महाभारत की लड़ाई लंका तक जाकर हुई थी। आज पता नहीं कितनी सीता और द्रोपदी की बेटियां बाजारों में अपनी इज्जत बेच रही हैं, विदेश में सरहद के बाहर जाकर के बेच रही हैं। इन मजबूरियों की तरफ अगर सरकार राष्ट्रपति महोदय का ध्यान अपने अभिभाषण में नहीं दिलायेगी, तो इस अभिभाषण का जिक्र, मैं सही कह दूं हिन्दुस्तान का आम आदमी कुछ नहीं जानता कि कोई अभिभाषण हुआ था। मैं अभिभाषण के दूसरे दिन गांव में गया था, गांव के लोगों से पूछा कि राष्ट्रपति का अभिभाषण हो गया, तुमने कुछ सुना, उन्होंने कहा कि हम तो जानते ही नहीं कि ये कब हुआ, क्योंकि अखबार में कुछ छपा नहीं था। उनकी एक लाइन छपी थी कि यह भारत के हित में होगा कि अमेरिका से हमारे संबंध अच्छे रहें, ठीक रहें और सुधरें, केवल एक लाइन छपी थी अभिभाषण कुछ नहीं छपा था उस अभिभाषण पर भी हम चले आवें, तो हमारे राष्ट्रपति महोदय बड़े काबिल आदमी हैं, मैं उनको केवल विद्वान और काबिल आदमी नहीं मानता, बल्कि दुनिया में जितने भी फन होते हैं, जानकारियां होती हैं, सब का काबिल आदमी मानता हूं जिस तरह से उनके भाषण निकलते हैं।

क्या किसी मजबूत आदमी से कमजोर की दोस्ती होती है? क्या इसमें कमजोर फायदे में रहता है, उपसभाध्यक्ष महोदय, आप ही अपनी कुर्सी से इस पर जजमेंट दे दीजिए। कमजोर जब कभी भी मजबूत से दोस्ती करता है, तो कमजोर लूट लिया जाता है, बर्बाद हो जाता है। किसी बड़े किसान से छोटा किसान दोस्ती करता है, तो उसकी खेती बिक जाया करती है, यह हमने गांव में देखा है। इसलिए बड़े से छोटे की दोस्ती अशुभ मानी जाती है। लेकिन उन्होंने कह दिया है, अखबार में छप गया है कि हमारे संबंध सुधर रहे हैं। हमने सुना है कि अमेरिका का राष्ट्रपति हिन्दुस्तान आ रहा है और भारत सरकार उसका स्वागत करने वाली है। यही सदन है माननीय मनमोहन सिंह जी इधर बैठे हुए थे, हम लोगों के नेता थे और उधर अटल जी बैठा करते थे, इराक पर हमला हुआ था। इस सदन में और उस सदन में बात चली कि निन्दा होनी चाहिए, सरकार की तरफ से प्रस्ताव आया कि सर्वसम्मत प्रस्ताव जाये, तीन दिनों तक सदन नहीं चला, सर, यह बहस होती रही कि ''कंडेम'' किया जाये या ''डिप्लोर'' किया जाये। आखिर में अटल जी की सरकार ने कहा कि अंग्रेजी में ''डिप्लोर'' किया जाये और हिन्दी में ''निन्दा'' की जाये, अगर आपको याद होगा। जैसे अमेरिका वालों को ''हिन्दी'' का तरजुमा करना नहीं आता है। यह कूटनीति की कौन-सी अक्ल है जो उस कुर्सी पर बैठने के बाद आ जाती है, चाहे आप लोगों को आती हो, चाहे हम लोगों को आती हो, यह हम नहीं समझ पाये। हम विरोधियों को भी वहीं अक्ल आ जाती है। यह अक्ल हम समझ नहीं पाये कि कैसे इसको हम लोग कर लेते हैं। ''डिप्लोर'' और ''निन्दा'' का फर्क तो अमेरिका वाले जानते होंगे, सब पढ़े लिखे हैं, कोई गंवार नहीं हैं और निन्दा का अंग्रेजी ट्रांसलेशन भी कर लिया होगा। सबने निन्दा की थी। अमेरिका का राष्ट्रपति एक कंडेम्ड पर्सनलिटी है, इस सदन द्वारा कंडेम्ड पर्सनलिटी है, इस सदन द्वारा निंदित व्यक्तित्व है। क्या किसी condemned personality को वेलकम किया जा सकता है? उसके बाद भी हमारे लोकतंत्र, हमारे सदन और संसद की मर्यादा जिन्दा रहेगी, यह सवाल खड़ा हुआ है - condemned personlality - हमने निन्दा की है, बगल के सदन ने निन्दा की है, सबने एक स्वर में निन्दा की है। इसी का condemned personality कहते हैं। उसके स्वागत की तैयारियां हो रही हैं। सुनते हैं, आगरा आएगा या कहां आएगा, हम नहीं जानते। ऐसे व्यक्तित्व को - क्या होगा, अगर दस रुपए हमें नहीं देगा तो एक वक्त बिना खाए रह लेंगे, स्वाभिमान से तो रहेंगे, अपनी संसदीय मर्यादा की हिफाजत तो करेंगे। हमने एक प्रस्ताव पास किया। बड़े से बड़े आदमी की, जिसकी निन्दा कर दी जाती है, उसके दरवाजे पर और गांव में पानी नहीं पीया जाता। उसका छुआ हुआ खाया नहीं जाता है, निन्दा करने के बाद और उसका हम स्वागत करने के लिए आतुर हैं? क्या इससे भी बड़ी कोई बात हो सकती है, कल्पना की जा सकती है? इस प्रकार हम लोग एक अजीब तरह के विरोधाभास और विसंगति में फंसे हैं, हमारी संसदीय प्रथा भी फंसी हुई है। राष्ट्रपति महोदय ने कह दिया कि अमेरिका से दोस्ती या संबंध सुधारना भारत के लिए अच्छा रहेगा और उसी को गांव के लोगों ने पकड़ लिया। गांव का आदमी इतना बारीक नहीं जानता है कि लोकतंत्र में क्या-क्या हुआ है। हम अपने को दुनिया का सबसे बड़ा

लोकतंत्र कहते हैं लेकिन क्या यह सही नहीं है कि हम सबसे बेबस और लाचार लोकतंत्र के रूप में जा रहे हैं? बेबस और लाचार लोकतंत्र के रूप में जाना यही होता है कि अपने प्रस्तावों से मुकर जाना। प्रस्ताव पास किया था, आपकी सरकार नहीं थी, इन लोगों की थी, बीजेपी वालों की, लेकिन प्रस्ताव संसद ने पास किया था, इसकी दीवारों ने नोट किया था, इसकी कार्यवाही में लिखा गया है। वह देश की धरोहर है, उसका सम्मान होना चाहिए था, वह नहीं किया गया। उपसभाध्यक्ष महोदय, अब मैं अपने विपक्ष के कुछ मित्रों से कहूंगा। बात-बात में हिन्दू-मुसलमान के नाम पर आप लोग तुनक जाया करेंगे तो हम लोगों को थोड़ी परेशानी हो जाएगी। किस वजह से पलटन में गिनती का सवाल आया, मैं नहीं जानता, लेकिन नेता विरोधी दल ने वह बात एक दिन उठा दी, सुषमा जी ने उसको और गरम कर दिया, पीछे एक माननीय सदस्य ने हमारे एक सदस्य को कुछ उल्टा सीधा बोल दिया, माहौल गरम हो रहा है। एक बहुत बड़ी तादाद है, उसको अगर यह खबर चली गयी कि अब हमको पलटन में भर्ती होने की गुंजाइश नहीं रहेगी, तो कितना बुरा हो जाएगा - देश चल नहीं पाएगा। हम लोगों को अपनी हरकत - हो सकता है उससे वोट का थोड़ा-बहुत फायदा नुकसान हो जाता हो - लेकिन अपनी हरकत को कंट्रोल करना चाहिए। इसीलिए मैंने भाजपा के अध्यक्ष से कहा था कि थोड़ा मौका दो, हम तुम्हें सुधारें। हमारे में गलती पाओ तो तुम भी सुधारना। थोड़ा-बहुत अपनी हरकत को कंट्रोल करना चाहिए। मैं केवल सरकारी पार्टी को नहीं कहता, इनको तो कहता ही हूं क्योंकि समर्थक हूं तो विरोधी भी हूं और विरोध भी करता हूं, लेकिन अपने विरोधी मित्रों से कहूंगा। अब खड़ा होना होगा तो आप ही के साथ में इनके खिलाफ खड़ा होना पड़ेगा। अगर आप यही हरकत करते रहेंगे तो हम लोग क्या करेंगे? कहीं न कहीं कोई ऐसी बात आ जाती है, जिसकी वजह से मन भिनभिना जाता है। यह तो मैं विरोधी पार्टी के लोगों से कहूंगा और आपसे कहूंगा, यह सच है कि हिन्दुस्तान का अल्पसंख्यक अपने को असुरक्षित महसूस कर रहा है। उसको रोजगार से जोड़ने के लिए कभी कोई प्रयास नहीं हुआ, आज भी वह उस दिशा में नहीं जा रहा है, आपका कोई बजट नहीं जाता है। उनको अलग से रोजगार देने का पैकेज तो दिया जा सकता है। अपने वित्त मंत्री को आप समझा सकते हैं कि वे अपनी रोटी के लिए अपने को क्यों असुरक्षित महसूस करें? दूसरी बात जो मैं कहना चाहता हूं कि इस समय जो लक्षण आया है कि संसद और न्यायपालिका, लगता है कि टकराव की हालत में हैं। दोनों के रिश्ते तल्ख हो गए हैं। यह बहुत अच्छा लक्षण नहीं है। यह बहुत पहले इंग्लैंड में हुआ था। जब हाउस ऑफ कॉमन्स जनता की चुनी होती थी और हाउस ऑफ लॉर्ड्स, जिसकी प्रिवी काउंसिल भी बनती थी, वह नुमाइंदे होते थे। तो वहां के जज लोगों से हाऊस ऑफ कॉमन्स के जो लोग होते हैं, हमारे यहां तो ऐसी बनावट नहीं है। हमारे यहां तो संविधान ही पहली लाइन में लिखा गया है कि हम भारत के लोग इसको अंगीकार करते हैं। यह लाइन अगर मिटा दी जाए, तो वह डा॰ अम्बेडकर और डा॰ राजेन्द्र प्रसाद की लिखी हुई केवल एक बढ़िया सी किताब होती, वह संविधान नहीं रहता। जब हिन्दुस्तान के लोगों ने यह शपथ ले ली कि हम इसको अंगीकार करते है।, तो वह हमारा संविधान बन गया, वह आई॰पी॰सी॰, सी॰आर॰पी॰सी॰ से बड़ा

1.00 P.M.

कानून बन गया। सर, यह मान्यता पर हुआ करता है। हमारा लिखित संविधान है और भारत के लोगों ने जब अंगीकार कर लिया, तो भारत के लोग देश को चलाने के लिए, कानून बनाने के लिए, संचालित करने के लिए अपना एक नुमाइंदा चुनकर भेजते हैं और वह "लोक सभा" कहलाती है। भारत के लोग कस्टोडियन हैं भारत के संविधान के और कस्टोडियन लोगों ने अपने नुमाइंदे भेजे हैं संसद में, तो संसद तो बड़ी हो ही जाएगी। लंदन की तरह से बहस यहां नहीं चलेगी, लेकिन बेमतलब के लिए कभी-कभी कोई जज बोल देता है कि फलां कानून बनाकर हम तुम्हें डायरेक्शन देते हैं कि इतने दिनों में हमें बताओ कि किस तरह से पास हुआ, उसका प्रारूप दिखाओ तो हंसी आती है। कभी-कभी हम लोग भी जब आपस में फैसला नहीं कर पाते, तो हम मैम्बर्स यहां से भागकर अपनी रिलीफ के लिए हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट चले जाया करते हैं। हम समझते हैं कि यह अच्छा लक्षण नहीं है। हमारी खुद की अपनी एक मर्यादा है, हमारी अपनी एक जगह है, हम अपनी जगह पर बहस करके रिलीफ पा सकते है। हम भाग करके अदालत न जाएं और अदालत.....

उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र): समय कितना लगेगा?

श्री जनेश्वर मिश्र: अदालत बेमतलब के लिए हमको दखल न दिया करे, यह हम चाहेंगे। यह सबसे बड़ा विवाद है।

उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र): समय का थोड़ा सा ख्याल रखें।

श्री जनेश्वर मिश्र: हां, हम ख्याल रख रहे हैं। राष्ट्रपति महोदय इसके मालिक हुआ करते हैं, वे जजों की नियुक्ति करते हैं। पहले जजों की नियुक्ति का मतलब था कि हमारा विधि मंत्रालय, जो हाई कोर्ट से नाम आते थे, उन नामों में से एक सूची तैयार करता था और सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस की सलाह से राष्ट्रपति को एक सूची देता था। बाद में माना गया, अपने आप सुप्रीम कोर्ट के जज लोगों ने तय कर दिया कि नहीं, सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस की सलाह अंतिम होगी। हमारा विधि मंत्रालय अब जज नियुक्त करने में बेकार हो गया है। बहुत सी जगहें खाली हैं, इस तनाव की वजह से। न्याय नहीं मिल रहा है लोगों को। पूरे बैंच के बैंच खाली हैं, कई हाई कोर्ट्स में। हम दे ही नहीं पा रहे हैं। राष्ट्रपति महोदय को अपनी इस बेबसी को भी रखना चाहिए था कि न्यायपालिका और कार्यपालिका में इस समय जो अधिकारों को लेकर बहस चल रही है, इस बहस में मेरी भूमिका क्या होगी। यह उनको खुद रखना चाहिए था, लेकिन नहीं रख पाए और सरकार तो कार्यपालिका होती है, जो भाषण तैयार करती है, वह इनको यह मुद्दा दे नहीं सकी, लेकिन कभी न कभी किसी प्लेटफॉर्म पर इस विवाद को हमें बहस करके हल करना ही पड़ेगा। हम नहीं कहते कि न्यायपालिका को झुका दिया जाए, लेकिन हम यह भी नहीं चाहेंगे कि संसद झुककर चले। दोनों बराबर पर चलें, बराबर की हैसियत से चलें।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं जानता हूं कि आप बार-बार समय की तरफ इशाग्र कर रहे हैं। हमारी तबियत भी ठीक नहीं थी, हमको कांग्रेस पार्टी के लोगों ने बेमतलब रोका-टोका। उनमें से किसी के मन में हमारी गोली से अगर चोट लगी हो, तो मैं उनसे माफी मांगता हूं। मैं किसी के दिल को दुखाने के लिए नहीं बोल रहा था, बल्कि एक बात कह रहा था। अगर एक व्यक्ति को अधिकार दोगे, सर्वोच्च सत्ता पर बैठने के लिए, तो वह व्यक्ति आज एक को रखेगा, कल दूसरे को रख देगा। यह मत करना लोकतंत्र में, यह आपसे कहूंगा। अपने लोगों से भी कहूंगा। पूरा लोक चुनकर भेजता है, तब कहीं लोकतंत्र बनता है और किसी एक व्यक्ति के इशारे पर लोकतंत्र नहीं चलेगा। वह गांधी के इशारे पर नहीं चला, जय प्रकाश, कृपलानी के इशारे पर नहीं चला, आप लोग ऐसा कोई पूजनीय देवी-देवता मत बनाओ कि उसके इशारे पर भारत का लोकतंत्र चलने लगे, धन्यवाद।

उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र) : धन्यवाद मिश्र जी। सदन की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

The House then adjourned for lunch at five minutes past one of the clock.

The House reassembled at two of the clock

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI KALRAJ MISHRA) in the Chair

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI KALRAJ MISHRA): Let us continue with the discussion. Shri Ram Jethmalani.

SHRI RAM JETHMALANI (Maharashtra): Mr Vice-Chairman, Sir, I am grateful to you for giving me this opportunity to extend my support to the Motion of Thanks which this august House is considering. But, Sir, it must be understood that when we ask by a motion thanks for the President, in Constitutional reality, we are asking an approval of the Government's performance in the past and the sincerity of their promises for the future. Judged in this way, Sir, I have no doubt at all that the Motion of Thanks does require to be fully supported for its verty first line which starts with a sense of optimism with which we look forward to the new year.

Sir, the common man looks forward with optimism only when our economic situation is something to be proud about. And, of course, politicians have other criteria of making judgment. One thing must be said that our economic achievement of 5 per cent growth which was available during almost a decade has now risen to 7.5 per cent during the last year and is poised to reach 8-8.5 per cent in the current year. I think, it excites

the envy of the whole world and, certainly, calls for gratitude of the common man in this country.

Sir, I understand, and this figure has not been contradicted by any one, that the savings rate is now over 29 per cent and the investment rate has gone up to 31 per cent. And what is still heart warming is that the inflation rate bears a very benign and a tolerable look.

Sir, the second thing about which I would congratulate the Government, and, therefore, heartily thank the President for his speech is that our democracy has survived all threats and no basic feature of our Constitution has been diluted or tinkered with. A regime of transparency and accountability has been instituted. No longer do we torment those who enter upon sting operations and expose misdeeds happening in any part of the polity. We had the tragic incident of the terrible persecution that my friends in the Telecom went through. I am glad that now we have learned to take sting operation in our stride and even to act upon the results achieved by those sting operations.

Sir, what is still better is that our secularism is safe and the minorities are enjoying now full security of life and property. The spirit of love, mutual understanding, and social harmony now pervades the atmosphere in the country.

The disgraceful events of violence, almost resembling a mini-genocide, which blackened the fair face of Hinduism and the impeccable image of the Indian nation in the international policy, are now beginning to be forgotten as some ugly nightmares never, never to recur again.

